BIHAR BOARD CLASS – 10

2022

SOCIAL SCIENCE

प्रथम पाली (First Sitting)

समय : 2 घंटे 45 मिनट] [पूर्णांक: 80

परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :

1. परीक्षार्थी OMR उत्तर पत्रक पर अपना प्रश्न पुस्तिका क्रमाक (10 अंकों का) अवश्य लिखें।

2. परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।

3. दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।

4. प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़ने के लिए 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।

5. यह प्रश्न पत्र दो खंडों में है. खण्ड-अ एवं खण्ड-ब ।

6. खण्ड-अ में 80 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, जिनमें 40 प्रश्न अनिवार्य हैं। यदि परीक्षार्थी 40 से अधिक का उत्तर देते / देती हैं, तो प्रथम 40 उत्तरों का ही मूल्यांकन किया जाएगा। प्रत्येक प्रश्न के लिए अंक निर्धारित है। OMR उत्तर पत्रक में दिए गए सही विकल्प को काले/नीले बॉल पेन से भरें। किसी भी प्रकार के व्हाइटनर/तरल पदार्थ / ब्लेड / नाखून आदि का OMR उत्तर-पत्रक में प्रयोग नहीं करें अन्यथा परीक्षा परिणाम अमान्य होगा।

7. खण्ड-ब में सामाजिक विज्ञान के अन्तर्गत कुल 5 विषयों के लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित है।

इतिहास में 6 लघु उत्तरीय प्रश्न (प्रश्न संख्या से 6) हैं जिनमें किन्हीं 3 प्रश्नों के उत्तर देने हैं। राजनीति विज्ञान में कुल 4 लघु उत्तरीय प्रश्न (प्रश्न संख्या 9 से 12) हैं जिनमें से किन्हीं 2 प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

अर्थशास्त्र में 4 लघु उत्तरीय प्रश्न (प्रश्न संख्या 15 से 18) हैं जिनमें किन्हीं 2 प्रश्नों के उत्तर देने हैं। भूगोल में कुल 6 लघु उत्तरीय प्रश्न (प्रश्न संख्या 21 से 26) हैं जिनमें किन्हीं 3 प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

आपदा प्रबंधन में 4 लघु उत्तरीय प्रश्न (प्रश्न संख्या 29 से 32) हैं जिनमें से किन्हीं 2 प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

https://www.bihartopper.com

इनके अतिरिक्त 8 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (प्रश्न संख्या 7, 8, 13, 14, 19, 20, 27, 28) हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए 4 अंक निर्धारित हैं। इतिहास, राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र एवं भूगोल में प्रत्येक से एक-एक प्रश्न का उत्तर देना है।

8. किसी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का प्रयोग पूर्णतया वर्जित है।

खण्ड-अ (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

प्रश्न- संख्या 1 से 80 तक के प्रत्येक प्रश्न के साथ चार विकल्प दिए गए हैं जिनमें से एक सही है। अपने द्वारा चुने गए सही विकल्प को OMR शीट पर चिन्हित करें। केवल 40 प्रश्नों के ही उत्तर दें।

1. अमृत बाजार पत्रिका के संपादक कौन थे?

(A) मोतीलालघोष

(B) भारतेन्दु हरिश्चंद्र

(C) राजा राममोहन राय

(D) सच्चिदानंद सिन्हा

2. 'मराठा' समाचार पत्र किस भाषा से सम्बन्धित था ?

(A) अंग्रेजी

(B) हिन्दी

(C) बांग्ला

(D) मराठी

3. निम्न में से किस सिख गुरु का जन्म पटना में हुआ था ?

(A) पांचवें

(B) चौथे

(C) पहले

(D) दसवें

4. बिहार बंगाल से कब पृथक हुआ?

(A) 1912

(B) 1936

(C) 1928

(D) 1940

5. भारत आने वाले प्रथम व्यापारी कौन थे ?

(A) डच

(B) ब्रिटिश

(C) पुर्तगाली

(D) फ्रांसीसी

6. उत्तरी एवं दक्षिणी वियतनाम का एकीकरण कब हुआ था?

(A) 1965

(B) 1968

(C) 1970

(D) 1975

7. दिसंबर, 1929 में किस नदी के तट पर नेहरू जी द्वारा तिरंगा फहराया गया ?

(A) गंगा

(B) यमुना

(C) रावी

(D) सिंधु

8. क्रांतिकारी नेता सूर्य सेन का उपनाम क्या था ?

(A) नेता जी

(B) मास्टर दा

(C) सरदार

(D) मुखिया

9. राष्ट्रीय जलमार्ग-1 है

(A) सदिया से धुबरी तक

(B) इलाहाबाद से हल्दिया तक

(C) कोल्लम से कोट्टापुरम तक

(D) इनमें से कोई नहीं

10. निम्न में से कौन उपभोक्ता उद्योग है ?

(A) पेट्रो-रसायन

(B) लौह-इस्पात

(C) चीनी उद्योग

(D) चित्तरंजन लोकोमोटिव

11. गिर राष्ट्रीय उद्यान कहाँ है ?

(A) अरुणाचल प्रदेश

(B) बिहार

(C) असम

(D) गुजरात

12. प्रथम पृथ्वी सम्मेलन कहाँ आयोजित हुआ ?

(A) रियो डी जनेरियो

(B) जोहान्सबर्ग

(C) न्यूयार्क

(D) टोक्यो

13. निम्न में से कौन खरीफ फसल है ?

(A) गेहूँ

(B) चना

(C) मटर

(D) कपास

14. बाँध को आधुनिक भारत का मन्दिर किसने कहा ?

(A) महात्मा गाँधी

(B) पंडित नेहरू

(C) दादाभाई नौरोजी

(D) लाल बहादुर शास्त्री

15. मरुस्थलीय मृदा कहाँ मिलती है ?

(A) उत्तर प्रदेश

(B) राजस्थान

(C) कर्नाटक

(D) महाराष्ट्र

16. भारत का सबसे छोटा रेलवे क्षेत्र कौन है ?

(A) उत्तर रेलवे

(B) पूर्व रेलवे

(C) मध्य रेलवे

(D) उत्तर-पूर्वी रेलवे

17. निम्न में से कौन लोकतंत्र का प्राण है ?

(A) सरकार

(B) न्यायपालिका

(C) राजनीतिक दल

(D) संविधान

18. भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की स्थापना कब हुई ?

(A) 1925

(B) 1964

(C) 1984

(D) 1999

19. किसने कहा '"लोकतंत्र जनता का, जनता के लिए तथा जनता के द्वारा शासन है"?

(A) अरस्तू

(B) अब्राहम लिंकन

(C) रूसो

(D) हीगल

20. भारत में कौन शासन प्रणाली है ?

(A) अध्यक्षीय व्यवस्था'

(B) राजशाही व्यवस्था

(C) तानाशाही व्यवस्था

(D) संसदीय व्यवस्था

21. भारत में वोट देने के लिए न्यूनतम आयु क्या है?

(A) 16 वर्ष

(B) 18 वर्ष

(C) 21 वर्ष

(D) 25 वर्ष

22. लोकतंत्र की सफलता की चुनौती है।

(A) अफसरशाही

(B) अशिक्षा

(C) जातिवाद

(D) इनमें से सभी

23. भारत में राष्ट्रीय आपातकाल की घोषणा कब हुई थी ?

(A) 1975

(B) 1980

(C) 1985

(D) 1990

24. सुनामी प्रभावित क्षेत्र में मकानों का निर्माण कहाँ करना चाहिए ?

(A) सागर तट के निकट

(B) सागर तट से दूर

(C) मैंग्रोव वन में

(D) इनमें से कोई नहीं

25. समाजवादी अर्थव्यवस्था का गुण है।

(A) निजी लाभ

(B) मूल्य तंत्र

(C) सामाजिक कल्याण

(D) साधनों का निजी स्वामित्व

26. विकसित देशों की आय में वृद्धि के लिए किस पद का प्रयोग होता है ?

(A) आर्थिक विकास

(B) आर्थिक वृद्धि

(C) समावेशी विकास

(D) इनमें से कोई नहीं

27. निम्न में से कौन प्लास्टिक मुद्रा है ?

(A) चेक

(B) बैंक ड्राफ्ट

(C) डेबिट कार्ड

(D) करेंसी नोट

28. भारत में सकल घरेलू उत्पाद में किस क्षेत्र का योगदान सर्वाधिक है ?

(A) कृषि क्षेत्र

(B) औद्योगिक क्षेत्र

(C) सेवा क्षेत्र

(D) इनमें से कोई नहीं

29. छिपी बेरोजगारी पाई जाती है।

(A) सेवा क्षेत्र में

(B) कृषि क्षेत्र में

(C) औद्योगिक क्षेत्र में

(D) इनमें से कोई नहीं

30. रूस की मुद्रा क्या है ?

(A) दीनार

(B) रियाल

(C) रूबल

(D) टका

31. साख का आधार क्या है ?

(A) विश्वास

(B) बचत

(C) निवेश

(D) उपभोग

32. वस्तुओं और सेवाओं को अपने उपयोग के लिए कौन खरीदता है ?

(A) सेवा प्रदाता

(B) उत्पादक

(C) उपभोक्ता

(D) दुकानदार

33. वायु परिवहन का राष्ट्रीयकरण कब किया गया ?

(A) 1933

(B) 1947

(C) 1950

(D) 1953

34. विश्व का प्राचीनतम परिवहन साधन क्या है ?

(A) जल परिवहन

(B) रेल परिवहन

(C) हवाई परिवहन

(D) इनमें से कोई नहीं

35. मोरमुगाओ बंदरगाह कहाँ है?

(A) कर्नाटक

(B) गोवा

(C) तमिलनाडु

(D) आंध्र प्रदेश

36. कांडला विशेष आर्थिक क्षेत्र कहाँ है ?

(A) महाराष्ट्र

(B) केरल

(C) पश्चिम बंगाल

(D) गुजरात

37. कहलगाँव तापीय विद्युत परियोजना कहाँ है ?

(A) भागलपुर

(B) मुंगेर

(C) जमुई

(D) औरंगाबाद

38. जल्वेरिन सम्बन्धित था

(A) क्रांतिकारियों से

(B) व्यापारियों से

(C) विद्वानों से

(D) पादरियों से

39. जर्मन राईन राज्य का निर्माण किसने किया था ?

(A) लुई 18वाँ

(B) नेपोलियन बोनापार्ट

(C) नेपोलियन III

(D) बिस्मार्क

40. वियना सम्मेलन हुआ था

(A) 1815 में

(B) 1848 में

(C) 1870 में

(D) 1871 में

41. निम्न में से कौन जीवाश्म ईंधन है ?

(A) कोयला

(B) पेट्रोलियम

(C) प्राकृतिक गैस

(D) इनमें से सभी

42. भारत का प्रथम परमाणु विद्युत गृह कहाँ है ?

(A) कल्पाक्कम

(B) कैगा

(C) नरौरा

(D) तारापुर

43. मनीकरण भूतापीय ऊर्जा संयंत्र किस राज्य में है?

(A) पंजाब

(B) उत्तराखण्ड

(C) हिमाचल प्रदेश

(D) मणिपुर

44. सिंदरी किस उद्योग के लिए जाना जाता है ?

(A) सीमेंट उद्योग

(B) उर्वरक उद्योग

(C) लौह उद्योग

(D) सूती वस्त्र उद्योग

45. एशिया में सबसे पुराना रेलवे वर्कशॉप कौन है ?

(A) चित्तरंजन लोकोमोटिव

(B) नागपुर रेलवे वर्कशाप

(C) जमालपुर रेलवे वर्कशाप

(D) अमृतसर रेलवे वर्कशाप

46. 'सिलिकॉन शहर' के नाम से कौन प्रसिद्ध है?

(A) हैदराबाद

(B) बेंगलुरु

(C) पूना

(D) अहमदाबाद

47. मन्दार पहाड़ी किस जिले में है ?

(A) मुंगेर

(B) भागलपुर

(C) बांका

(D) बक्सर

48. सासाराम नगर का विकास हुआ था

(A) प्राचीन युग में

(B) मध्य युग में

(C) आधुनिक युग में

(D) इनमें से कोई नहीं

49. इटली के एकीकरण में निम्न में किसने योगदान किया था ?

(A) मेजिनी

(B) गैरीबाल्डी

(C) काउंट कावूर

(D) इनमें से सभी

50. भारत में एक रुपया का नोट कौन जारी करता है ?

(A) भारतीय रिजर्व बैंक

(B) सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया

(C) वित्त विभाग

(D) स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया

51. प्राथमिक क्षेत्र में कौन-सी आर्थिक क्रिया शामिल है ?

(A) कृषि

(B) खनन

(C) पशुपालन

(D) इनमें से सभी

52. निम्न में से कौन साख मुद्रा का उदाहरण है ?

(A) करेंसी नोट

(B) बैंक ड्राफ्ट

(C) सिक्के

(D) इनमें से कोई नहीं

53. विश्व व्यापार संगठन की स्थापना कब हुई ?

(A) 1990

(B) 1992

(C) 1995

(D) 1996

54. 2011 की जनगणना के अनुसार भारत की आबादी थी

(A) 90 करोड़

(B) 121 करोड़

(C) 140 करोड़

(D) 150 करोड़

55. कृषि उत्पादों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने का मान्यता प्राप्त चिह्न है

(A) आई. एस. आई. मार्क

(B) हॉल मार्क

(C) एगमार्क

(D) बुलमार्क

56. केन्द्रीय सांख्यिकी संगठन की स्थापना कब हुई थी ?

(A) 1950

(B) 1954

(C) 1956

(D) 1960

57. राबर्ट ओवन कहाँ का निवासी था ?

(A) फ्रांस

(B) जर्मनी

(C) ब्रिटेन

(D) ऑस्ट्रिया

58. वोल्शेविक क्रांति का नेतृत्व किसने किया?

(A) मेजिनी

(B) लेनिन

(C) बिस्मार्क

(D) गैरीबाल्टी

59. कम्बोडिया की राजधानी है।

(A) हनोई

(B) नोमपेन्ह

(C) बैंकॉक

(D) ओटावा

60. किस कानून के विरोध में जलियाँवाला बाग में सभा का आयोजन हुआ था?

(A) वर्नाक्यूलर प्रेस एक्ट

(B) भारत सरकार अधिनियम, 1858

(C) रौलेट एक्ट

(D) इनमें से कोई नहीं

61. किनके अनुरोध पर महात्मा गाँधी चम्पारण आए थे?

(A) राजकुमार शुक्ल

(B) अनुग्रह नारायण सिन्हा

(C) जयप्रकाश नारायण

(D) डॉ० राजेन्द्र प्रसाद

62. वल्लभ भाई पटेल को 'सरदार' की उपाधि किस किसान आन्दोलन के दौरान दी गई थी ?

(A) बारदोली

(B) अहमदाबाद

(C) खेड़ा

(D) चम्पारण

63. फ्लाइंग शटलं का आविष्कार किसने किया था?

(A) जेम्स वाट

(B) हम्फ्री डेवी

(C) जॉन के

(D) टॉमस बेल

64. भारत में पहली जूट मिल कहाँ स्थापित की गई थी ?

(A) कलकत्ता

(B) दिल्ली

(C) बम्बई

(D) पटना

65. सुखाड़ का कारण है

(A) जल का अभाव

(B) मिट्टी की नमी का अभाव

(C) मिट्टी का क्षय

(D) मिट्टी की लवणता

66. संचार का सबसे लोकप्रिय साधन है

(A) सार्वजनिक टेलीफोन

(B) वॉकी-टॉकी

(C) दूरदर्शन

(D) रेडियो

67. बाढ़ का प्रमुख कारण है।

(A) जल की अधिकता

(B) नदी-तल पर मलवों का निक्षेपण

(C) वर्षा की अधिकता

(D) इनमें से सभी

68. भूकम्प संभावित क्षेत्रों में भवनों की आकृति कैसी होनी चाहिए ?

(A) अण्डाकार

(B) त्रिभुजाकार

(C) चौकोर

(D) आयताकार

69. भारत में सबसे बड़ा लौह अयस्क उत्पादक राज्य है

(A) कर्नाटक

(B) ओडिशा

(C) झारखण्ड

(D) महाराष्ट्र

70. सीमेंट उद्‌योग का कच्चा माल क्या है ?

(A) चूनापत्थर

(B) बॉक्साइट

(C) ग्रेनाइट

(D) लौह अयस्क

71. भारत में कितने सार्वजनिक क्षेत्र के तेल परिष्करण केन्द्र कार्य कर रहे हैं ?

(A) 15

(B) 16

(C) 18

(D) 20

72. हीराकुंड परियोजना किस नदी पर है?

(A) महानदी

(B) गोदावरी

(C) दामोदर

(D) सतलज

73. दक्षिण अफ्रीका के प्रथम अश्वेत राष्ट्रपति कौन थे ?

(A) एनक्रूमा

(B) जनरल पिनोशे

(C) नेल्सन मंडेला

(D) अब्राहम लिंकन

74. श्रीलंका कब आजाद हुआ ?

(A) 1947

(B) 1948

(C) 1949

(D) 1950

75. समता पार्टी का विलय किस राजनीतिक दल में हुआ?

(A) राष्ट्रीय जनता दल

(B) बहुजन समाज पार्टी

(C) जनतादल यूनाइटेड

(D) भारतीय जनता पार्टी

76. निम्न में से कौन नगर निगम के आय का स्रोत नहीं है ?

(A) मकान कर

(B) आय कर

(C) जल कर

(D) शौचालय कर

77. निम्न में से कौन पंचायत की व्यवस्थापिका सभा है ?

(A) ग्राम-सभा

(B) ग्राम रक्षा दल

(C) ग्राम कचहरी

(D) इनमें से कोई नहीं

78. राज्यपाल की नियुक्ति कौन करता है ?

(A) प्रधानमंत्री

(B) मुख्यमंत्री

(C) राष्ट्रपति

(D) उपराष्ट्रपति

79. स्थानीय स्वशासन राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांतों के किस अनुच्छेद में है ?

(A) अनुच्छेद 34

(B) अनुच्छेद 40

(C) अनुच्छेद 42

(D) अनुच्छेद 51

80. ग्राम कचहरी में मुकदमे सुलझाए जाते हैं

(A) दिवानी मामले

(B) फौजदारी मामले

(C) (A) और (B) दोनों

(D) इनमें से कोई नहीं

खण्ड-ब (विषयनिष्ठ प्रश्न)

इतिहास / History

लघु उत्तरीय प्रश्न / Short Answer Type Questions

प्रश्न संख्या 1 से 6 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। इनमें से किन्हीं 3 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित हैं।

1. जर्मनी के एकीकरण की बाधाएँ क्या थीं?

2. खूनी रविवार क्या है ?

3. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना कब और कहाँ हुई थी?

4. दांडी यात्रा का उद्देश्य क्या था ?

5. श्रमिक वर्ग किन परिस्थितियों में नगरों में आए ?

6. ब्रेटन वुड्स सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य क्या था ?

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न / Long Answer Type Questions

प्रश्न- संख्या 7 और 8 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। इनमें से किसी एक का उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 4 अंक निर्धारित हैं,

7. मुद्रण क्रांति ने आधुनिक विश्व को कैसे प्रभावित किया ?

8. सविनय अवज्ञा आन्दोलन के कारणों की विवेचना करें।

राजनीति विज्ञान / Political Science

लघु उत्तरीय प्रश्न / Short Answer Type Questions

प्रश्न संख्या 9 से 12 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। इनमें से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित हैं।

9. सत्ता की साझेदारी का लोकतंत्र में क्या महत्त्व है ?

10. बिहार में 1974 में हुए छात्र आंदोलन के प्रमुख कारण क्या थे?

11. धर्मनिरपेक्षता की अवधारणा को उल्लेख कीजिए ।

12. केन्द्र शासित राज्य क्या है ?

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न / Long Answer Type Questions_

प्रश्न- संख्या 13 और 14 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। इनमें से किन्हीं एक प्रश्न का उत्तर दें। प्रत्येक के लिए 4 अंक निर्धारित हैं।

13. भारत की संघीय व्यवस्था की विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

14. लोकतंत्र किस प्रकार आर्थिक संवृद्धि एवं विकास में सहायक है ?

अर्थशास्त्र / Economics

लघु उत्तरीय प्रश्न / Short Answer Type Questions

प्रश्न- संख्या 15 से 18 तक लघु उत्तरीय हैं। इनमें से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित हैं।

15. आर्थिक नियोजन को परिभाषित करें।

16. सतत विकास क्या है ?

17. सूक्ष्म वित्त योजना को परिभाषित करें।

18. बहुराष्ट्रीय कंपनी क्या है ?

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न / Long Answer Type Questions

प्रश्न- संख्या 19 और 20 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। इनमें से किसी एक का उत्तर दें। प्रत्येक के लिए 4 अंक निर्धारित हैं।

19. 1991 के आर्थिक सुधारों का वर्णन करें।

20. सहकारिता के मूल तत्त्व क्या हैं?

भूगोल / Geography

लघु उत्तरीय प्रश्न / Short Answer Type Questions

प्रश्न- संख्या 21 से 26 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। इनमें से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित हैं।

21. फसल चक्रण मृदा संरक्षण में किस प्रकार सहायक है ?

22. गोंडवाना समूह के किन्हीं चार कोयला क्षेत्रों के नाम लिखिए।

23. व्यापारिक कृषि और निर्वाहक कृषि में क्या अंतर है ?

24. बिहार में नदियों का परिवहन क्षेत्र में क्या योगदान है ?

25. वन विनाश के दो मुख्य कारण लिखिए।

26. संसाधन संरक्षण का क्या महत्त्व है?

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न / Long Answer Type Questions

प्रश्न- संख्या 27 और 28 दीर्घ उत्तरीय हैं। इनमें से किसी एक प्रश्न का उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 4 अंक निर्धारित हैं।

27. भारतीय अर्थव्यवस्था पर वैश्वीकरण के प्रभाव का विवरण दीजिए।

28. शक्ति संसाधनों का वर्गीकरण कीजिए।

आपदा प्रबंधन / Disaster Management

लघु उत्तरीय प्रश्न / Short Answer Type Questions

प्रश्न- संख्या 29 से 32 तक लघु उत्तरीय हैं। इनमें से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित हैं।

29. सुखाड़ से आप क्या समझते हैं?

30. बाढ़ की स्थिति में अपनाये जाने वाले आकस्मिक प्रबंधन का संक्षेप में वर्णन करें।

31. आपदा प्रबंधन की आवश्यकता क्यों है ?

32. सामान्य संचार व्यवस्था के बाधित होने के प्रमुख कारणों को लिखिए।